मंगलवार
31 मार्च, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

वर्ष 2, अंक 56 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com

जानकी शिशु महाविहार
शिशु स्तर से पंचम स्तर तक
विशेषताएँ :-
• सी. सी. टी. वी. कैमरा की व्यवस्था
• स्मार्ट क्लास
• सभी रूट पर वाहन की व्यवस्था
• कंप्यूटर क्लास

## कुंडलपुर महोत्सव 2026 का भव्य शुभारंभ

# कुंडलपुर महोत्सव से नालंदा की पहचान और मजबूत होगी:- श्रवण कुमार



संजय कुमार
बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।
नालंदा जिले के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के केंद्र कुंडलपुर में सोमवार को कुंडलपुर महोत्सव 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार तथा पर्यटन, कला एवं संस्कृति विभाग के मंत्री अरुण शंकर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। महोत्सव के उद्घाटन के साथ ही पूरे परिसर में श्रद्धा, संस्कृति और उत्साह का वातावरण देखने को मिला।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि कुंडलपुर महोत्सव नालंदा जिले की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल क्षेत्र की पहचान मजबूत होती है, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलता है। इससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार धार्मिक पर्यटन के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि कुंडलपुर भगवान महावीर की जन्मस्थली के रूप में पूरे विश्व में प्रसिद्ध है और यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह आस्था का प्रमुख केंद्र है। इस महोत्सव के माध्यम से यहां की ऐतिहासिक धरोहर, कला, संस्कृति और परंपराओं को व्यापक पहचान मिलती है।

मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि उनके लिए यह सौभाग्य की बात है कि उन्हें भगवान महावीर की कर्मभूमि नालंदा विधानसभा क्षेत्र का कई वर्षों से प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। उन्होंने बताया कि जैन साध्वी ज्ञानमती माता की प्रेरणा से वर्ष 2002 में इस महोत्सव की शुरुआत हुई थी और तभी से वे इससे जुड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि जैन धर्म के क्षेत्रीय मंत्री विजय कुमार जैन के साथ क्षेत्र के विकास को लेकर लगातार चर्चा होती रही है और उन्हें यहां स्थापित भगवान महावीर की प्रतिमा के दर्शन का अवसर मिलता रहा है। उन्होंने कहा कि यहप्रतिमा बिना बोले ही अहिंसा का संदेश देती है। साथ ही उन्होंने समिति के अध्यक्ष स्वामी रविंद्र जी को एक कर्मठ व्यक्तित्व बताया। मंत्री ने कहा कि बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा लागू की गई शराबबंदी



नीति भगवान महावीर के उपदेशों से प्रेरित एक प्रगतिशील कदम है, जिससे समाज में कई प्रकार के अपराधों पर नियंत्रण संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर के सत्य और अहिंसा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर पर्यटन मंत्री अरुण शंकर ने कहा कि भगवान महावीर का जीवन और उनके सिद्धांत आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि विश्व के कई हिस्सों में संघर्ष और हिंसा की स्थिति बनी हुई है, ऐसे समय में भगवान महावीर का सत्य और अहिंसा का संदेश पूरी मानवता के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर के बताए मार्ग पर चलकर ही विश्व में शांति की स्थापना संभव है।

महोत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इसके अलावा हस्तशिल्प, स्थानीय उत्पादों और पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसने आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त नालंदा विजय कुमार जैन, अतुल जैन (दिल्ली), चिरंजीलाल कासलीवाल (पटना), चन्द्रशेखर कासलीवाल (नासिक), सुमति देवी कासलीवाल (पटना) सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिला-पुरुष दर्शक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कुंडलपुर महोत्सव के उद्घाटन समारोह में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे आयोजन को उत्सवमय बना।

# राष्ट्रपति की उपस्थिति में नालंदा विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह आज

## वैश्विक विद्यार्थियों की उपलब्धियों का उत्सव






संजय कुमार
बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।नालंदा विश्वविद्यालय अपने द्वितीय दीक्षांत समारोह के लिए पूर्णतः तैयार है, जो आज विश्वविद्यालय परिसर में भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु की उपस्थिति में आयोजित होगा। इस वर्ष के दीक्षांत समारोह में 31 देशों के कुल 617 विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया है। इस ऐतिहासिक दिन का केंद्रबिंदु विश्वविद्यालय के विद्यार्थी हैं, जिनकी उपलब्धियाँ ज्ञान, नवाचार और वैश्विक दृष्टि के संगम को दर्शाती हैं।

एमबीए (सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड मैनेजमेंट, 2022–24) के छात्र सौरभ कुमार सिन्हा, जो वर्तमान में ओएनजीसी में जियोसाइंटिस्ट के रूप में कार्यरत हैं, ने कहा, “मैं भारत के पहले जियोथर्मल वेल ड्रिलिंग प्रोजेक्ट पर कार्य कर रहा हूँ। नालंदा में प्राप्त शिक्षा ने मेरे प्रोफेशनल करियर को नई दिशा दी है।”

स्कूल ऑफ इकोलॉजी एंड एनवायरनमेंट स्टडीज (2020–22) की पूर्व छात्रा सुश्री स्निग्धा, जो वर्तमान में जापान में एनवायर्नमेंटल टॉक्सिकोलॉजी में पीएचडी कर रही हैं, ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, “राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित होना मेरे लिए अत्यंत गर्व और विशेष अवसर है। नालंदा लौटकर इस उपलब्धि का हिस्सा बनना भावुक और प्रेरणादायक अनुभव है।”


कश्मीर से आने वाली और स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (2020–22) की पूर्व छात्रा सुश्री सीरत, जो वर्तमान में ओएनजीसी इंडिया के साथ कार्यरत हैं, ने कहा, “नालंदा का हिस्सा होना मेरे लिए गर्व का विषय है। दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होना मेरे जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों में से एक है।”



दीक्षांत समारोह के अवसर पर नव-निर्मित ‘विश्वमित्रालय’ सभागार का उद्घाटन भी किया जाएगा, जो विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में स्थापित होगा। साथ ही, बिहार संग्रहालय के सहयोग से बौद्ध विरासत पर आधारित एक विशेष प्रदर्शनी भी प्रस्तुत की जाएगी, जो नालंदा की ऐतिहासिक और वैश्विक धरोहर को सजीव रूप में प्रदर्शित करेगी।

नालंदा विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह 2026 शिक्षा, संस्कृति और वैश्विक संवाद के संगम का एक भव्य प्रतीक बनने जा रहा है, जहाँ परंपरा और आधुनिकता का अद्वितीय समन्वय देखने को मिलेगा।




SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED RERA APPROVED APPROVED
Project Registration Number
BRERAP19200101102525O432E00
from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft
60% Free Area
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# नीतीश, नितीन ने अपने प्रतिनिधियों के जरिए इस्तीफा देकर विधान मंडल की गरिमा को धक्का पहुचाया : मंजीत

हिलसा(अपना नालंदा )।बिहार युवा कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मंजीत आनन्द साहू ने नीतीश कुमार और नितीन नवीन इस्तीफे के तरीके पर आपत्ति जताते हुए कहा है की नीतीश कुमार और नितिन नवीन ने जिस तरह आज विधानपरिषद और विधानसभा की सदस्यता से अपने अपने इस्तीफे दिए हैं उससे ऐसा लगता है जैसे की वह विधानसभा और विधानपरिषद की सदस्यता को लात मार रहे हों। बेहतर होता की दोनों ही अपने अपने प्रतिनिधियों के हाथों इस्तीफा भेजने के वजाय स्वयं जाकर विधानसभा अध्यक्ष को और परिषद के सभापति को सम्मानजनक तरीके से इस्तीफा सौंपते और मीडिया को सम्बोधित करते। श्री साहू ने कहा की यह एक प्रकार से नीतीश कुमार की तरफ से बिहार की जनता का नितीन नीवन की ओर से बांकीपुर की जनता का अपमान होने के साथ साथ संसदीय परम्परा का भी अपमान है।


उन्होंने कहा की इस घटना से यह भी जाहिर होता है की नीतीश कुमार को भाजपा आरएसएस की ओर से बलपूर्वक मुख्यमंत्री पद से पदच्यूत किया जा रहा है। बिहार की जनता अब उस नारे का क्या करे जिसमें कहा गया था "पचीस से तीस फिर से नीतीश"। अब भाजपा ने वोट चोरी से एक कदम आगे रख दिया है। यह मैंडेट चोरी अथवा जनादेश की सीधे सीधे चोरी नहीं तो और क्या है ?

मंजीत साहू ने इसकी निंदा करते हुए कहा की नितिन नवीन ने बीते दो दशक से बांकीपुर की जनता का वोट लिया और आज राष्ट्रीय राजनीति के फलक पर मोदी



शाह के मोहरे के तौर पर भाजपा के अध्यक्ष बनाये गए हैं अध्यक्ष चुने जाने के लिए उन्हें बधाई दूंगा लेकिन किसी बड़े सदन में जाने के मतलब यह बिलकुल नहीं की उससे निम्र सदन को अपमान तरीके से छोड़ा जाय। इस तरह दोनों नेताओं ने विधान मंडल की गरिमा को धक्का दिया है।











Kalope
HOMES
All-in-One Home Solution
Luxury Interior with RealPlast UPVC
Waterproof | Termite Proof | Fire Retardant | Zero Maintenance
Material Partner: REAL PLAST
RealPlast UPVC is a next-generation interior material
that combines strength, safety, and luxury design.
Modular Kitchen
Cabinets, shutters, drawers
TV Unit & Wall Panels
Modern design, storage
Wardrobes & Closets
Sliding, swing, loft, drawers
Bathroom Vanities
Waterproof & hygienic
+91 74887 06578
www.kalopehomes.com
Patna, Bihar

# प्राथमिक विद्यालय दस्तुरपर में बाल मेला आयोजित, बच्चों ने दिखाया उत्साह



थरथरी (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय दस्तुरपर के प्रांगण में सोमवार को सपोर्ट फ्री प्राइमरी कार्यक्रम के तहत बाल मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक पप्पू कुमार निरंजन ने की। इस अवसर पर विद्यालय परिसर बच्चों की चहचहाहट और उत्साह से गुलजार रहा।

बाल मेला के दौरान बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न शैक्षणिक और मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया, जिससे बच्चों का उत्साह और बढ़ गया।प्रधानाध्यापक पप्पू कुमार निरंजन ने कहा किप्रारंभिक कक्षाओं में खेल-खेल के माध्यम से दी जाने वाली शिक्षा बच्चों की नींव को मजबूत बनाती है। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है तथा उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि बाल मेला जैसे आयोजनों से बच्चों को सीखने का नया अवसर मिलता है और वे पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियों में भी रुचि लेते हैं। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुखिया अरुण सिंह, लेखापाल संजीव कुमार, अध्यक्ष शैलेंद्र केवट, बाल्मीकि कुमार, अंजू कुमारी, मृदुला कुमारी, सेविका मालती कुमारी सहित कई अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# महेशपुर-बेलदरियापर विद्यालय में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)।हरनौत प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय महेशपुर-बेलदरियापर में सोमवार को शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी (पीटीएम) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक अखिलेश कुमार ने की। इस अवसर पर शिक्षकों और अभिभावकों के बीच बच्चों के भविष्य और उनके सर्वांगीण विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रधानाध्यापक अखिलेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की संगोष्ठी बच्चों के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शिक्षक और अभिभावक दोनों को मिलकर टीम भावना के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने सभी अभिभावकों से शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में सहयोग देने की अपील की।

उन्होंने बताया कि इस बार संगोष्ठी का मुख्य विषय "प्रवेश से प्रगति तक विद्यालय और अभिभावक के साथ" रखा गया था। इस विषय के माध्यम से नए शैक्षणिक सत्र में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के साथ-साथ बच्चों के विकास में अभिभावकों की सक्रिय भूमिका पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति रिपोर्ट अभिभावकों के साथ साझा की। इसमें छात्रों की उपस्थिति, अनुशासन, पढ़ाई के स्तर और उनकी दिनचर्या पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और घर के शैक्षणिक माहौल पर ध्यान देने की भी सलाह दी गई।


इस अवसर पर कक्षा पांचवीं के मेधावी छात्रों को भी सम्मानित किया गया। जिसमें अनुराधा ने प्रथम, कांति ने द्वितीय और चांदनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। संगोष्ठी ने शिक्षा और समाज के बीच सकारात्मक संवाद स्थापित करने का संदेश दिया।













# हरनौत विधायक हरिनारायण सिंह ने तीन ग्रामीण सड़क योजनाओं का किया शुभारंभ




चंडी (अपना नालंदा)।हरनौत विधानसभा क्षेत्र के चंडी प्रखंड में सोमवार को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत तीन महत्वपूर्ण सड़क निर्माण योजनाओं का विधिवत शुभारंभ किया गया। इन योजनाओं का उद्घाटन हरनौत के विधायक एवं पूर्व मंत्री हरिनारायण सिंह ने किया। सड़क निर्माण योजनाओं की शुरुआत से क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी की लहर देखी गई।

पहली योजना के तहत ग्राम पंचायत तुलसीगढ़ के गोपीबीघा गांव में एनएच-30ए से रविदास टोला तक 0.850 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया जाएगा, जिसकी प्राक्कलित राशि 119.84 लाख रुपये है। दूसरी योजना ग्राम पंचायत रुखाई के रुखाई गांव में आरडब्ल्यूडी सड़क से मुसहरी टोला तक 1.800 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण से जुड़ी है, जिसकी अनुमानित लागत 219 लाख रुपये है। वहीं तीसरी योजना ग्राम पंचायत अमरौरा के अमरौरा गांव में आरडब्ल्यूडी सड़क से पासवान टोला तक 1.210 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण की है, जिस पर 194 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।तीनों स्थानों पर ग्रामीणों ने विधायक हरिनारायण सिंह का गर्मजोशी से स्वागत किया और पुष्पमाला तथा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं और आगे भी विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।कार्यक्रम में जदयू के कई नेता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इनमें नालंदा जिला जदयू उपाध्यक्ष अनिल कुमार, समाजसेवी प्रेम कुमार सिन्हा, चंडी प्रखंड जदयू अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह उर्फ सुनिल मुखिया, जिला उपाध्यक्ष कामेश्वर सिंह, जिला कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार, तुलसीगढ़ पंचायत जदयू अध्यक्ष मनोज सिंह, अमरौरा पंचायत जदयू अध्यक्ष भूषण कुमार, रुखाई पंचायत के मुखिया मधुसूदन प्रसाद, माधोपुर के पूर्व मुखिया रविंद्र कुमार सिंह, जदयू नेता विद्यु भूषण शाही, ब्रह्मचारी प्रसाद, योगेंद्र मुखिया तथा गोपीबीघा के बूथ अध्यक्ष रौशन कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद थे। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही।












# बोलीदाता नहीं मिलने पर सैरात बंदोबस्ती की राशि घटाई, तीसरी बार निकलेगी निविदा




चंडी (अपना नालंदा)।चंडी नगर पंचायत में सोमवार को सशक्त स्थायी समिति की बैठक मुख्य पार्षद मनोज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नगर पंचायत के विभिन्न सैरातों की बंदोबस्ती को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान बंदोबस्ती प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. अनूपा कुमारी ने बताया कि राजस्व विभाग के निर्देशानुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों की अधिकतम बोली के आधार पर वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 32 लाख 89 हजार रुपये की राशि निर्धारित कर सैरात बंदोबस्ती की निविदा निकाली गई थी। इस निविदा को दो बार समाचार पत्रों में प्रकाशित कराया गया, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से किसी भी बोलीदाता ने इसमें रुचि नहीं दिखाई और एक भी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ।

उन्होंने बताया कि लगातार दो बार बोलीदाता नहीं मिलने के कारण सशक्त स्थायी समिति की बैठक में इस विषय पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सैरात बंदोबस्ती की निर्धारित राशि को घटाकर 12 लाख 65 हजार रुपये कर दिया जाए, ताकि इच्छुक लोग निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकें।

बैठक में यह भी तय किया गया कि नई निर्धारित राशि के आधार पर तीसरी बार निविदा आमंत्रित की जाएगी। नगर पंचायत को उम्मीद है कि राशि कम होने के कारण इस बार अधिक संख्या में बोलीदाता भाग लेंगे और बंदोबस्ती की प्रक्रिया पूरी हो सकेगी। इससे नगर पंचायत को राजस्व प्राप्त होने का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने इस निर्णय का समर्थन करते हुए कहा कि नगर पंचायत के राजस्व को बढ़ाने के लिए सैरातों की बंदोबस्ती समय पर होना आवश्यक है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि तीसरी बार जारी होने वाली निविदा में इच्छुक लोग भाग लेंगे और प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो जाएगी।






## संपादकीय

**जे पी चौधरी**



# व्यापार को सहज बनाने की दिशा में 'जन विश्वास विधेयक' एक महत्वपूर्ण कदम

आचार्य चाणक्य लिखते हैं कि किसी भी राजा को अपने राज्य में व्यापार के फलने-फूलने के लिए ऐसी नीतियों का निर्माण करना चाहिए जिससे वाणिज्य करना सुगम हो सके और व्यापारी वर्ग पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ अपने कारोबार को बढ़ाते हुए राज्य की सुख-समृद्धि में योगदान कर सके क्योंकि तभी कोई राज्य धन-सम्पदा से परिपूर्ण हो सकता है जबकि उसके व्यापारी वर्ग को सदाचार के साथ अपने कारोबार को आगे बढ़ाने की छूट मिले। इसके लिए राजा को अपने राजकोष को भरने के लिए अनावश्यक शुल्क प्रणाली से बचना चाहिए और राज-भय का अवांछित प्रयोग नहीं करना चाहिए। राजा को अपनी प्रजा से उसी प्रकार शुल्क वसूलना चाहिए जिस प्रकार 'मधुमक्खियां' विभिन्न पुष्पों या फूलों से पराग या रस चूस कर अपना 'शहद' का छत्ता बनाती हैं परन्तु राजा को कभी भी स्वयं व्यापारी नहीं बनना चाहिए। यह कार्य उसे व्यापारी वर्ग पर ही छोडना चाहिए। इससे स्पष्ट है कि भारतीय संस्कृति में व्यापार के सर्वांगीण विकास हेतु विशिष्ट महत्ता दी गई है और बताया गया है कि प्रजा में सर्वत्र सुख-शान्ति के लिए व्यापारी वर्ग का कितना महत्व होता है परन्तु भारत में अंग्रेजों के शासन के दौरान व्यापारी वर्ग को लांछित करने की प्रवृत्ति ने जन्म लिया जिसका प्रमुख कारण यह था कि अंग्रेज अपना शासन चलाने के लिए और भारत की पूंजी को अपने कब्जे में रखने के लिए ऐसी व्यवस्था विकसित करना चाहते थे जिससे देश के व्यापारी वर्ग को खलनायक के रूप में दिखाया जा सके। इसके पीछे उनका उद्देश्य पूरी तरह आर्थिक था। वह अपने देश में बने तैयार माल से भारत के बाजारों को पाट कर यहां के व्यापारी वर्ग की छवि को अपने एजेंट के रूप में विकसित करना चाहते थे, जिसमें वे एक सीमा तक सफल भी रहे क्योंकि उन्होंने इसी व्यापारी वर्ग को सामन्तवाद व राजशाही के चलते व्याज पर पूंजी उपलब्ध कराने वाले वर्गके रूप में विकसित कर दिया।

हालांकि ऐसा नहीं है कि उससे पहले जमीदारी प्रथा के चलते भारत में सुद या व्याज पर धन उपलब्ध कराने का धंधा नहीं होता था परन्तु यह कार्य जमींदार केवल कुछ व्यापारियों के साथ गठजोड़ बनाकर ही करते थे। अतः 21वीं सदी के स्वतन्त्र भारत में यह बहुत आवश्यक हो जाता है कि हम पुरानी रूढ़ियों को तोड़ते हुए अपने व्यापारी वर्ग के साथ बदलते जमाने के अनुरूप व्यवहार करें और राजसत्ता तद्रूरूप अपनी नीतियों में परिवर्तन लाये। इसी दृष्टिकोण को सामने रखते हुए मोदी सरकार के युवा वाणिज्य व उद्योग राज्यमन्त्री जितिन प्रसाद बीते कल को लोकसभा में 'जन विश्वास विधेयक' की दूसरी खेप लागे जिसमें व्यापार व उद्योग से जुड़े 79 केन्द्रीय कानूनों को परिमार्जित किया गया है। ये 79 केन्द्रीय कानून भारत सरकार के 23 मन्त्रालयों के अधीन आते हैं जिनमें कोयले से लेकर उपभोक्ता मामले, रक्षा, वित्त, स्वास्थ्य, खान, भारी उद्योग व गृह मन्त्रालय तक शामिल हैं। इससे यह आभास लगाया जा सकता है किभारत के व्यापारियों को कितने मन्त्रालयों की जांच-परख से गुजर कर अपना कारोबार करना होता है। जितिन प्रसाद ने यह संशोधन विधेयक पेश करते हुए बताया कि इन 79 कानूनों के 784 दंड प्रावधानों को इस प्रकार संशोधित किया गया है कि कारोबारियों को छोटी सी गलती के लिए बड़े दंड का भागी न बनना पड़े और अनावश्यक रूप से जेल की हवा न खानी पड़े। इसके साथ ही विधेयक में आम नागरिकों द्वारा सामान्य जीवन शैली के चलते कानून का उल्लंघन करने पर कठोर दंड से बचाने के लिए भी उपाय किये गये हैं और साधारण अपराध के लिए जेल की सजा काटने के बजाय आर्थिक दंड भुगतने के उपाय किये गये हैं।

यह विधेयक सदन की प्रवर समिति के परीक्षण के बाद ही कल पेश किया गया परन्तु कांग्रेस के दो सांसदों ने इस पर आपत्ति करते हुए पुनः प्रवर समिति की समीक्षार्थ भेजने की मांग की जिसे अस्वीकृत कर दिया गया क्योंकि अभी तक ऐसी कोई परंपरा नहीं रही है।

यह समझने में हमें गलती नहीं करनी चाहिए कि भारत एक गणराज्य है जिसमें प्रत्येक नागरिक पर विश्वास किया जाना भी जरूरी शर्त होती है। इसी क्रम में मोदी सरकार ने नागरिकों के अपने निजी प्रमाणपत्र स्वयं द्वारा ही सत्यापित किये जाने का कानून बनाया था वरना इससे पहले सत्यापन के लिए किसी राजपत्रित अधिकारी के दस्तखत जरूरी होते थे। इसकी मूल वजह यही है कि भारत के प्रजातन्त्र में आम लोग ही अपने एक वोट की ताकत से सरकारों का गठन करते हैं। हमारा लोकतन्त्र सहभागिता का लोकतन्त्र कहलाता है अतः हम अंग्रेजों द्वारा स्थापित उन परंपराओं की लकीर पर नहीं चल सकते जो उन्होंने शासक और शासित वर्ग के बीच की दूरी को लगातार चौड़ा बनाये रखने की गरज से खींची थीं। श्री जितिन प्रसाद के अनुसार संगीन व्यापारिक अपराधों की सजाओं में इन संशोधनों के आने के बाद किसी प्रकार की ढिलाई नहीं होगी बल्कि केवल उन मामलों में ही ढिलाई की गई है जिनका सम्बन्ध व्यावहारिक तौर पर अनदेखी करने से होता

www.apnanalanda.com
अपना नालन्दा
अपना शहर, अपना खबर
नालन्दा का नंबर 1 अखबार

# आतंकवाद से भी बढ़कर पर्यावरण प्रदूषण- रामसेवक

## श्री चित्रगुप्त सेवा समिति के वार्षिक सम्मेलन पर हुआ कार्यक्रम

### पर्यावरण और समाज विषय पर हुई परिचर्चा, 101 सामाजिक योद्धाओं को किया गया सम्मानित



पटना (अपना नालंदा)। गोपालगंज जिले के हथुआ प्रखंड के बरवां चित्रगुप्त मंदिर परिसर में आयोजित श्री चित्रगुप्त सेवा समिति के 10 वें वार्षिक सम्मेलन सह सम्मान समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सह विधायक रामसेवक सिंह, साहित्यकार मधुरेश नारायण, कमल किशोर वर्मा, कमल नयन श्रीवास्तव, डॉ ब्रह्मदेव मंडल, नगर परिषद सभापति अनिता देवी, डॉ नीलम श्रीवास्तव, समिति के अध्यक्ष डॉ राम विष्णु प्रसाद, सचिव दिलीप कुमार श्रीवास्तव आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद सभी अतिथियों को संस्था के तरफ से प्रतीक चिन्ह, अंगवस्त्र और हरित पौधा देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश घर घर पहुंचाए जाने का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथियों द्वारा संस्थागत स्मारिका स्पंदन का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सह विधायक रामसेवक सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि लोगों को पर्यावरण के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। हमारी एक हरकत दुनिया के पर्यावरण संतुलन को बिगाड़ सकती है। आज पर्यावरण प्रदूषण आतंकवाद से भी बढ़कर विश्व के समक्ष चुनौती के रूप में खड़ा है। कमल किशोर वर्मा ने कहा कि सबको मिलकर पौधरोपण के प्रति सजग होने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में पहुंचे समाजसेवी कमल नयन श्रीवास्तव ने कहा कि पौधा लगाकर हम अपने जीवन को सुरक्षित रख सकते है। वरिष्ठ साहित्यकार मधुरेश नारायण ने कहा कि जल, जंगल और जमीन का संरक्षण तभी हो सकेगा जब समाज में जागरूकता आएगी। इन्होंने अपनी स्व रचित रचना को पढ़कर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम को मानवाधिकार कार्यकर्ता डॉ अनिल प्रसाद, डॉ ज्योत्सना प्रसाद, डॉ ब्रह्मदेव मंडल, डॉ नीलम श्रीवास्तव, वरीय अधिवक्ता पाण्डेय रामेश्वरी प्रसाद उर्फ छोटे बाबू, ललन मिश्र, मुखिया पंकज कुमार श्रीवास्तव, पर्यावरण मित्र सह कार्यक्रम संयोजक डॉ सत्य प्रकाश आदि ने संबोधित किया। वही संगीत शिक्षक अनूप शंभूनाथ, रोबिन पटेल, सुश्री सुषमा कुमारी ने शिक्षक विद्यानंद उपाध्याय के नेतृत्व में स्वागत गीत और जल जीवन हरियाली पर आधारित गीत संगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे 101 सामाजिक योद्धाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ राम विष्णु प्रसाद ने किया। मंच संचालन कवि शर्फुद्दीन अली शरफ ने किया। सभी अतिथियों का स्वागत संरक्षक सुनील कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन संजय कुमार श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में डॉ दिनेश यादव की पुस्तक पदार्थ विज्ञान का भी लोकार्पण किया गया। इस मौके पर डॉ राजीव दयाल, डॉ मनीष कुमार, चिरंजीवी प्रसाद, दिवाकर प्रसाद, डॉ हरेंद्र प्रसाद लाल, चेतन श्रीवास्तव, आनंद बिहारी श्रीवास्तव, सुनील कुमार, दिलीप कुमार, अभिषेक कुमार, हरेंद्र सिन्हा, लोकगायिका हैप्पी श्रीवास्तव, मुखिया विवेक कुमार श्रीवास्तव, धनंजय कुमार, सरपंच मनोरंजन कुमार, दिवाकर मिश्र, संतोष कुमार, जय प्रकाश, वेद प्रकाश आदि थे।



# ट्रंप के लिए 'वियतनाम' बनता ईरान: क्या अमेरिका फिर दोहराएगा इतिहास की भूल? : चंदन चौरसिया

## मध्य-पूर्व की जंग में उलझती महाशक्ति, वैश्विक अर्थव्यवस्था पर मंडराता नया संकट,क्या कूटनीति से निकलेगा समाधान या बढ़ेगा टकराव?



पटना(अपना नालंदा)। वरिष्ठ पत्रकार चंदन चौरसिया ने कहा कि दुनिया के बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में एक बार फिर मध्य-पूर्व वैश्विक शक्ति संघर्ष का केंद्र बनता नजर आ रहा है। ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ता तनाव अब सिर्फ बयानबाजी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह एक संभावित लंबे संघर्ष का संकेत दे रहा है। अगर हालात इसी दिशा में आगे बढ़ते हैं, तो यह संघर्ष वियतनाम युद्ध की तरह अमेरिका के लिए एक जटिल और थकाऊ लड़ाई साबित हो सकता है।

अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों ने ईरान के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए जिस तरह प्रतिबंधों और सैन्य दबाव की रणनीति को आगे बढ़ाया, उसने इस पूरे क्षेत्र को अस्थिरता के नए दौर में धकेल दिया। ईरान के तेल निर्यात पर प्रतिबंध और उसके सामरिक प्रभाव को सीमित करने की कोशिशें भले ही अमेरिका की रणनीतिक प्राथमिकताओं में शामिल रही हों, लेकिन इसके परिणाम अब वैश्विक स्तर पर सामने आने लगे हैं।

आर्थिक मोर्चे पर बढ़ती चुनौतियां

ईरान पर कड़े प्रतिबंधों का असर सिर्फ उस देश तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसका सीधा प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ा है। तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव ने विकासशील देशों की कमर तोड़ दी है। भारत जैसे देशों के लिए यह स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है, जहां ऊर्जा आयात पर भारी निर्भरता है।

चंदन चौरसिया ने कहा कि यह स्थिति 1970 के दशक के तेल संकट की याद दिलाती है, जब मध्य-पूर्व की उथल-पुथल ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को हिला कर रख दिया था। आज भी वही खतरा मंडरा रहा है—महंगाई, मंदी और बेरोजगारी का त्रिकोण एक बार फिर उभर सकता है।

अमेरिका के भीतर भी इस नीति के खिलाफ आवाजें उठ रही हैं। डीजल और पेट्रोल की बढ़ती कीमतों ने आम नागरिकों की परेशानी बढ़ा दी है। चुनावी साल में यह मुद्दा राजनीतिक रूप से भी संवेदनशील हो जाता है, जहां विपक्ष सरकार की नीतियों को असफल बताने में जुट जाता है।

सैन्य रणनीति या राजनीतिक जिद?

ईरान के साथ बढ़ता टकराव सिर्फ आर्थिक नहीं, बल्कि सैन्य दृष्टि से भी बेहद गंभीर है। अमेरिका द्वारा खाड़ी क्षेत्र में अपने सैन्य बलों की तैनाती बढ़ाना और ईरान की ओर से जवाबी चेतावनियां, इस बात का संकेत हैं कि हालात किसी भी समय बिगड़ सकते हैं।

चंदन चौरसिया के अनुसार, सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या अमेरिका इस बार भी वही गलती दोहराने जा रहा है, जो उसने वियतनाम में की थी? एक ऐसी जंग, जो शुरू तो आसानी से होती दिखी, लेकिन खत्म होने में वर्षों लग गए और अंततः अमेरिका को पीछे हटना पड़ा।

ईरान की भौगोलिक स्थिति और उसकी सामरिक ताकत उसे एक कठिन प्रतिद्वंदी बनाती है। उसके पास न सिर्फ मजबूत सैन्य क्षमता है, बल्कि क्षेत्रीय सहयोगियों का एक नेटवर्क भी है, जो किसी भी संघर्ष को लंबा खींच सकता है।

कूटनीति की विफलता और संवाद की कमी

इस पूरे संकट में सबसे बड़ी कमी संवाद की दिखती है। जहां एक ओर अमेरिका दबाव की नीति पर कायम है, वहीं ईरान भी अपने रुख से पीछे हटने को तैयार नहीं है। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं भी इस मामले में प्रभावी भूमिका निभाने में असफल रही हैं।

चंदन चौरसिया ने कहा कि अगर समय रहते कूटनीतिक प्रयास नहीं किए गए, तो यह टकराव एक बड़े युद्ध में बदल सकता है, जिसका असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा। खासकर एशिया और यूरोप के देश, जो इस क्षेत्र से ऊर्जा आपूर्ति पर निर्भर हैं, वे सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे।

भारत के लिए क्या हैं संकेत?

भारत के लिए यह स्थिति दोहरी चुनौती लेकर आई है। एक तरफ उसे अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना है, वहीं दूसरी ओर उसे वैश्विक राजनीति में संतुलन भी बनाए रखना है। ईरान के साथ उसके ऐतिहासिक संबंध रहे हैं, लेकिन अमेरिका के साथ रणनीतिक साझेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

चंदन चौरसिया के मुताबिक, भारत को इस समय बेहद संतुलित और समझदारी भरी नीति अपनानी होगी। उसे न सिर्फ अपने आर्थिक हितों को सुरक्षित रखना है, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता में भी योगदान देना होगा।

निष्कर्ष: इतिहास से सीखने का वक्त

इतिहास गवाह है कि सैन्य टकराव कभी भी स्थायी समाधान नहीं दे सकते। वियतनाम, इराक और अफगानिस्तान जैसे उदाहरण यह साबित करते हैं कि युद्ध की कीमत हमेशा भारी होती है चाहे वह आर्थिक हो, राजनीतिक हो या मानवीय।

आज जब दुनिया पहले से ही कई संकटों से जूझ रही है, ऐसे में एक और बड़े संघर्ष की गुंजाइश नहीं है। अमेरिका और ईरान दोनों को यह समझना होगा कि टकराव नहीं, बल्कि संवाद ही आगे का रास्ता है।

चंदन चौरसिया स्पष्ट कहते हैं—"अगर समझदारी नहीं दिखाई गई, तो ईरान सच में अमेरिका के लिए एक नया वियतनाम बन सकता है, जहां जीत किसी की नहीं होगी, लेकिन हार पूरी दुनिया की होगी।"

# जनता दरबार में डीएम ने सुनी जन समस्याएं, त्वरित कार्रवाई के निर्देश




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। आमजनों की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से सोमवार को समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स भवन में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित इस जनता दरबार में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में लोगों की समस्याएं सुनी गईं।

जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित कुल 18 आवेदन प्रस्तुत किए। जिला पदाधिकारी ने सभी आवेदनों को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना तथा त्वरित निष्पादन के लिए मौके पर ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवेदन सौंपते हुए शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया।जिला पदाधिकारी ने बताया कि जनता दरबार का आयोजन प्रत्येक सप्ताह सोमवार और शुक्रवार को नियमित रूप से किया जाता है, ताकि आम लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सीधे प्रशासन तक पहुंचने का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित किया जा रहा है।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जनता दरबार का आयोजन जिला मुख्यालय के साथ-साथ अनुमंडल कार्यालयों और प्रखंड स्तर पर भी किया जाएगा। प्रखंड सह अंचल कार्यालय, प्रखंड पंचायत, प्रखंड कल्याण, प्रखंड आपूर्ति, प्रखंड सहकारिता, प्रखंड कृषि तथा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी भी इसमें शामिल होकर लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजीव कुमार, अपर समाहर्ता विशेष कार्यक्रम तेज नारायण राय, अपर समाहर्ता विभागीय जांच विनय कुमार सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कैडेट भारोत्तोलन राज्य प्रतियोगिता में जहानाबाद के खिलाड़ियों ने जीते तीनों खिताब



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। मोतिहारी जिले के सुगौली में 28 से 30 मार्च तक आयोजित तृतीय राज्य स्तरीय कैडेट भारोत्तोलन प्रतियोगिता में खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर, जहानाबाद के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीनों प्रमुख खिताब अपने नाम कर लिये। प्रतियोगिता में जहानाबाद की टीम ने अंडर-11, अंडर-13 तथा ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीतकर पूरे बिहार में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

इस प्रतियोगिता में जहानाबाद के खिलाड़ियों ने अनुशासन, तकनीक और आत्मविश्वास का बेहतरीन प्रदर्शन किया। टीम ने अन्य जिलों के खिलाड़ियों को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि ने जिले के खेल जगत में गर्व का माहौल बना दिया है।प्रतियोगिता में जहानाबाद के खिलाड़ियों ने कुल 20 पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। इनमें 7 स्वर्ण, 7 रजत तथा 6 कांस्य पदक शामिल हैं। विशेष रूप से अंडर-11 वर्ग में जहानाबाद के खिलाड़ियों का प्रदर्शन सबसे उत्कृष्ट रहा।

25 किलोग्राम वर्ग में प्रीति कुमारी, 30 किलोग्राम वर्ग में दर्पण भारद्वाज और दिवाकर शर्मा, 35 किलोग्राम वर्ग में साक्षी कुमारी, 40 से अधिक किलोग्राम वर्ग में विवेक और कोमल कुमारी तथा 55 किलोग्राम वर्ग में अमरजीत ने स्वर्ण पदक जीतकर टीम को मजबूत बढ़त दिलाई। इसके अतिरिक्त कई खिलाड़ियों ने रजत और कांस्य पदक जीतकर पदक तालिका में टीम की स्थिति को और मजबूत बनाया।

इस उपलब्धि पर जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय ने खिलाड़ियों और पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जहानाबाद के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है और यह सफलता अन्य खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी।

# हरनौत की दिव्या कुमारी ने मैट्रिक में 481 अंक लाकर बढ़ाया मान, विद्यालय में हुआ भव्य सम्मान समारोह



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)।हरनौत नगर पंचायत के आदर्श नगर मोहल्ले में स्थित प्रोजेक्ट बालिका प्लस टू हाई स्कूल की छात्रा दिव्या कुमारी ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा में 500 में से 481 अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दिव्या ने 96.2 प्रतिशत अंक हासिल कर राज्य स्तर पर दसवां स्थान प्राप्त किया है, जबकि जिले में दूसरा स्थान हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता पर सोमवार को विद्यालय परिसर स्थित सुपर स्मार्ट क्लास कक्ष में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सह नगर पंचायत के उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुरेश सिंह तथा संकुल समन्वयक राजाराम पासवान उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार ने की, जबकि संचालन शिक्षक नितिश कुमार ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत और छात्रा के सम्मान के साथ हुई।

इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य लोगों ने दिव्या कुमारी की प्रतिभा की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि सुरेश सिंह ने कहा कि यह पूरे नगर पंचायत के लिए गर्व की बात है कि इसी विद्यालय की छात्रा ने राज्य स्तर पर दसवां स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि इससे पहले वर्ष 2006 में भी इसी विद्यालय की एक छात्रा राज्य की टॉपर रह चुकी है। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से उत्कृष्ट प्रदर्शन करता आ रहा है और यहां की छात्राएं लगातार सफलता के नए आयाम स्थापित कर रही हैं।

संकुल समन्वयक राजाराम पासवान ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यालय के शिक्षकों ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की है, जिसका परिणाम आज दिव्या कुमारी की शानदार सफलता के रूप में सामने आया है। उन्होंने कहा कि दिव्या ने 500 में 481 अंक प्राप्त कर न केवल अपने विद्यालय बल्कि शहरी संसाधन केंद्र, जिले और राज्य का नाम रोशन किया है। उन्होंने विद्यालय की अन्य छात्राओं को भी दिव्या से प्रेरणा लेने की सलाह दी।समारोह के दौरान अतिथियों ने दिव्या कुमारी को अंगवस्त्र, कॉपी-कलम, फूलों की माला और नगद राशि देकर सम्मानित किया। साथ ही शिक्षिकाओं ने मिठाई खिलाकर छात्रा का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर दिव्या के पिता राजेश कुमार भी उपस्थित थे। उन्हें भी फूलों की माला पहनाकर सम्मानित किया गया तथा स्मृति चिह्न प्रदान किया गया।

दिव्या की कक्षा शिक्षिका खुशबू कुमारी ने बताया कि वह सेक्शन सी की छात्रा थी और शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही है। उन्होंने कहा कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

विद्यालय प्रशासन के अनुसार सत्र 2025-26 में इस स्कूल से बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा में कुल 610 छात्राएं शामिल हुई थीं। अपनी सफलता पर प्रसन्न दिव्या कुमारी ने बताया कि उसका सपना भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में पढ़ाई कर एक सफल इंजीनियर बनना है।

कार्यक्रम में समाजसेवी शैलेश सिंह, सुनील कुमार ग्वास्कर, प्रणीत कुमार विद्यार्थी, खुशबू कुमारी, रीना, मोहम्मद फैजल, विश्वनाथ, विरेंद्र, निकेश, शोभा, अंकिता, नंदनी सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं और गणमान्य लोग उपस्थित थे।



# हरनौत नगर पंचायत बोर्ड बैठक में 71 करोड़ के बजट पर सर्वसम्मति से मुहर



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)।हरनौत नगर पंचायत के वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित बजट को सोमवार को आयोजित बोर्ड की बैठक में सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। इस बैठक में कुल 71 करोड़ 72 लाख 57 हजार 250 रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं पर मुहर लगाई गई। नगर पंचायत द्वारा पारित इस बजट को अब अंतिम स्वीकृति के लिए नगर विकास विभाग को भेजा जाएगा। विभाग से स्वीकृति मिलते ही नगर पंचायत क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों को तेजी से शुरू किया जाएगा।

नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित इस बैठक में शहर के समग्र विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बजट में सड़क निर्माण, नाला निर्माण, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था तथा स्वच्छता व्यवस्था को प्राथमिकता दी गई है। इसके अलावा शहर के सौंदर्यीकरण के लिए पार्क निर्माण और तालाबों के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण की योजनाएं भी शामिल की गई हैं।

उप मुख्य पार्षद गीता देवी और कार्यपालक पदाधिकारी सुमन सौरभ ने बताया कि नगर पंचायत के विकास को ध्यान में रखते हुए बजट को सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में विभिन्न मदों से होने वाली आय तथा विभिन्न योजनाओं पर होने वाले खर्च को लेकर विस्तार से चर्चा की गई, जिसके बाद बजट को अंतिम रूप दिया गया। उन्होंने बताया कि इस बजट में गंदी बस्तियों को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाने के साथ-साथ बेघर लोगों को आवास उपलब्ध कराने की योजना भी शामिल की गई है।

नगर पंचायत प्रशासन के अनुसार शहर के समग्र विकास और गरीबों को रोजगार से जोड़ने के लिए शहरी आजीविका मिशन के तहत भी योजनाएं लागू की जाएंगी। इससे शहर के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

बजट के आय स्रोतों में होल्डिंग टैक्स से 30 लाख रुपये, पार्किंग स्थल से 15 लाख, कचरा संग्रहण से 6.20 लाख, स्टांप ड्यूटी से 150 लाख, टावर टैक्स से 1.50 लाख, दुकान और प्रतिष्ठान लाइसेंस शुल्क से 4 लाख तथा प्रोफेशनल टैक्स से 20 लाख रुपये की आय का अनुमान लगाया गया है। इसके अलावा षष्टम राज्य वित्त आयोग से अनुरक्षण निधि के रूप में 160 लाख और सामान्य निधि के रूप में 400 लाख रुपये प्राप्त होंगे। स्वच्छ भारत मिशन से 50 लाख, सफाई अनुदान से 20 लाख, सभी के लिए आवास योजना से 1000 लाख, शहरी आजीविका मिशन से 50 लाख तथा ठोस अवशिष्ट प्रबंधन अनुदान से 150 लाख रुपये मिलने का अनुमान है। इस प्रकार नगर पंचायत की कुल आय 2192 लाख रुपये आंकी गई है।

वहीं व्यय के प्रमुख मदों में कंक्रीट सड़क निर्माण पर 1100 लाख रुपये, अन्य सड़क निर्माण पर 200 लाख, रोड और नाला निर्माण पर 500 लाख, ड्रेनेज निर्माण पर 250 लाख, तालाब-पोखर के जीर्णोद्धार पर 110 लाख तथा स्ट्रीट लाइट और हाई मास्क पर 100 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

इसके अलावा सामुदायिक भवन, यात्री पड़ाव, शौचालय, वेंडर जोन, सीवरेज, पुलिया, जल आपूर्ति व्यवस्था, सीसीटीवी और बहुमंजिला भवन निर्माण जैसी कई योजनाएं भी बजट में शामिल की गई हैं। कुल व्यय का अनुमान 4849 लाख रुपये रखा गया है।

बैठक में वित्तीय सलाहकार नंद किशोर, स्वच्छता पदाधिकारी प्राची प्रसाद, पार्षद बबीता पांडे, सुनील कुमार, प्रीति, अनंत, बब्लू कुमार उर्फ राजीव रंजन, अनिल, अशोक, दिनेश, सिद्धार्थ, छोटू, राहुल सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे।

www.apnanalanda.co
अपना नालन्दा
अपना शहर, अपना खबर
नालन्दा का नंबर 1 अखबार

# चंडी में एटीएम कार्ड बदलकर 43,900 रुपये की ठगी, पीड़ित ने थाने में दी शिकायत

चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)।चंडी थाना क्षेत्र में एटीएम कार्ड बदलकर रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने चंडी थाना में आवेदन देकर अज्ञात ठग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। घटना सोमवार (30 मार्च 2026) की बताई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के मकुन्दन विगहा निवासी विक्रम कुमार ने अपने आवेदन में बताया कि उन्होंने रुपये निकालने के लिए अपना एटीएम कार्ड अपने भाई शुभम कुमार को दिया था। शुभम कुमार दोपहर लगभग 12 बजे चंडी स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम केंद्र, जो भारतीय स्टेट बैंक के पास स्थित है, वहां पैसे निकालने पहुंचे।

पीड़ित के अनुसार, जब शुभम कुमार ने एटीएम मशीन में कार्ड डाला तो कार्ड मशीन में फंस गया। इसी दौरान वहां मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति ने मदद करने के नाम पर एक कथित कस्टमर केयर नंबर दिया और उस नंबर पर संपर्क करने की सलाह दी। जब उस नंबर पर बात की गई तो सामने वाले व्यक्ति ने कार्यालय आने की बात कही।इसी बीच मौका



देखकर उक्त व्यक्ति ने एटीएम कार्ड बदल लिया। कुछ देर बाद विक्रम कुमार के खाते से अलग-अलग किस्तों में 15 हजार, 15 हजार, 13 हजार 500 और 400 रुपये की निकासी कर ली गई। इस तरह कुल 43 हजार 900 रुपये की ठगी कर ली गई।पीड़ित ने बताया कि खाते से रुपये निकासी की जानकारी उन्हें बैंक स्टेटमेंट देखने के बाद मिली। इसके बाद उन्होंने चंडी थाना पहुंचकर पूरे मामले की लिखित शिकायत दी और ठगी करने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करते हुए राशि वापस दिलाने की मांग की है।इस संबंध में पुलिस का कहना है कि आवेदन प्राप्त हुआ है और मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही ठग की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# मिलेनियम एजुकेशन प्वाइंट ने मैट्रिक में उत्कृष्ट अंक लाने वाले छात्रों को किया सम्मानित



चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)।बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा में इस वर्ष भी ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। नगरनौसा प्रखंड के रामपुर उच्च विद्यालय के छात्र आनंद कुमार ने 500 में 482 अंक प्राप्त कर राज्य स्तर पर नौवां स्थान हासिल किया है। वहीं नालंदा जिले में भी उन्होंने शीर्ष स्थान प्राप्त कर परिवार, विद्यालय और पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

आनंद कुमार की इस उल्लेखनीय सफलता पर चंडी स्थित मिलेनियम एजुकेशन प्वाइंट की टीम ने रविवार देर शाम उनके गांव बमपुर पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था के एमडी आलोक कुमार उर्फ सिप्पू भैया ने आनंद कुमार को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और उनके परिवारजनों को बधाई दी।

कार्यक्रम के दौरान आलोक कुमार ने कहा कि आनंद कुमार शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हैं और उनकी कड़ी मेहनत का ही परिणाम है कि उन्होंने मैट्रिक परीक्षा में राज्य स्तर पर स्थान हासिल किया है। उन्होंने बताया कि रिजल्ट सेपहले ही बोर्ड द्वारा बुलावा आने पर आनंद को अपनी सफलता का अंदाजा हो गया था।

इस अवसर पर आनंद कुमार के ममेरे भाई रजनीश कुमार को भी उनकी सफलता के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने दोनों छात्रों को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इसी क्रम में मिलेनियम एजुकेशन प्वाइंट की टीम ने बापू हाई स्कूल के छात्र अमित कुमार को भी सम्मानित किया। अमित कुमार ने मैट्रिक परीक्षा में 475 अंक प्राप्त कर बेहतर प्रदर्शन किया है। टीम उनके गांव मुड़लाविगहा पहुंची और अंगवस्त्र देकर उनका सम्मान किया।इस दौरान सूर्यमणि शर्मा, जानू मालाकार, जितेंद्र कुमार, उदय कुमार, विक्रम कुमार और विक्की कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली छात्रों की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है और इससे क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

# दीपनगर स्टेडियम में अस्मिता रग्बी लीग शुरू, नालंदा और भोजपुर की टीमों की जीत





विजय प्रकाश उर्फ पिन्नू

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।बिहारशरीफ के दीपनगर स्टेडियम में खेलो इंडिया अस्मिता रग्बी फुटबॉल स्टेट लीग (अंडर-15 एवं अंडर-18) प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ सोमवार को हुआ। यह दो दिवसीय प्रतियोगिता 30 मार्च से 31 मार्च 2026 तक आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने किया। उद्घाटन के साथ ही मैदान पर रोमांचक मुकाबलों का दौर शुरू हो गया, जिसमें नालंदा और भोजपुर की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की।

यह प्रतियोगिता खेल प्राधिकरण भारत सरकार, खेल मंत्रालय, रग्बी इंडिया, रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार तथा रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ नालंदा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में बिहार के कुल 10 जिलों से आए खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। सभी खिलाड़ी मैदान पर अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। खिलाड़ियों का उत्साह और ऊर्जा देखते ही बन रहा है, जिससे पूरा वातावरण खेलमय हो गया है।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार सरकार खेलों के विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि रग्बी जैसे खेलों में भी बिहार के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं, इसके लिए उन्हें अनुशासन और मेहनत के साथ आगे बढ़ना होगा।

इस अवसर पर रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव पंकज ज्योति ने कहा कि बिहार में रग्बी खेल तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। खिलाड़ियों का प्रदर्शन यह संकेत देता है कि आने वाले समय में बिहार रग्बी के क्षेत्र में एक मजबूत पहचान बनाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के राज्य स्तरीय आयोजन खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उन्हें बड़े मंच के लिए तैयार करते हैं।कार्यक्रम में जेल अधीक्षक आलोक कुमार पांडेय, वरीय उप समाहर्ता एवं जिला खेल पदाधिकारी आलोक चंद चौधरी, रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ नालंदा के महासचिव रेंसी राकेश राज, जदयू प्रवक्ता धनंजय देव, पेंचक सिलाट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष संजय कुशवाहा, रग्बी इंडिया के डेवलपमेंट मैनेजर शत्रुजीत दलई, शेखपुरा रग्बी सचिव विशाल सिंह, पेंचक सिलाट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. रवि चंद्र कुमार, इनर व्हील क्लब बिहारशरीफ की अध्यक्ष रश्मि रानी, कोषाध्यक्ष ऋषिकेश कुमार तथा नवादा के सचिव विक्रम सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

इसके अलावा शारीरिक शिक्षक ओमपाल कुमार, विपिन कुमार, सुनील कुमार, अनामिका कुमारी, विभा कुमारी, निभा कुमारी सहित अन्य शिक्षकों और गणमान्य लोगों ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ नालंदा के महासचिव रेंसी राकेश राज ने बताया कि यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है, जहां वे अपनी प्रतिभा को निखारते हुए भविष्य में बड़े अवसरों की ओर बढ़ सकते हैं। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए सभी अतिथियों, अधिकारियों, टीम प्रबंधन, कोच, रेफरी और स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बड़ी मुढारी में लगा पशु स्वास्थ्य शिविर, पशुपालक ने लगाया खानापूर्ति का आरोप

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)।हरनौत प्रखंड के बड़ी मुढारी गांव स्थित एक सरकारी भवन में सोमवार को कृषि विज्ञान केंद्र, नालंदा (हरनौत) की ओर से पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कृषि विज्ञान केंद्र के पशु एवं चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. विद्याशंकर सिन्हा समेत अन्य कर्मी मौजूद रहे। इस दौरान पशुपालकों को पशुपालन से संबंधित जानकारी दी गई और कुछ पशुओं के लिए दवाओं का भी वितरण किया गया।

हालांकि शिविर को लेकर कुछ पशुपालकों ने असंतोष भी जताया। बड़ी मुढारी गांव के पशुपालक शिवेंद्र कुमार ने आरोप लगाया कि यह शिविर केवल औपचारिकता पूरी करने के लिए आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के निर्देश पर केवल फोटो खिंचवाने और रजिस्टर पर हस्ताक्षर कराने के अलावा कोई विशेष कार्य नहीं हुआ।शिवेंद्र कुमार ने बताया कि उनके पालतू कुत्ते के गले में करीब दो किलो का मांस बढ़ गया है, जिसमें गांठ भी बन गई है। यह समस्या लगभग एक वर्ष से बनी हुई है। उन्होंने शिविर में मौजूद विशेषज्ञों से इस संबंध में सलाह और उपचार की जानकारी मांगी, लेकिन उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।इस संबंध में कृषि विज्ञान केंद्र, नालंदा (हरनौत) की वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. सीमा कुमारी ने बताया कि शिविर का आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि वर्तमान में नया वित्तीय वर्ष शुरू होने से पहले कागजी कार्यवाही और आवश्यक दस्तावेज तैयार करने का कार्य चल रहा है, इसलिए कुछ व्यस्तता बनी हुई है।

www.apnanalanda.com

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

## नालन्दा का नंबर 1 अखबार




**अपना नालन्दा में विज्ञापन देकर**
**अपने व्यवसाय को दे नई पहचान**

## नालन्दा की जनता की आवाज

*अपने क्षेत्र की खबर भेजने*
*ओर विजापन देने के लिए संपर्क करें।*

9031468165
9608311251

विज्ञापन दरें (प्रथम वर्षगांठ विशेष पैकेज)
फुल पेज विज्ञापन – ₹10,000/-
हाफ पेज विज्ञापन – ₹5,000/-
क्वार्टर पेज विज्ञापन – ₹3,000/-

संपर्क करें:
apnanalandaofficial881@gmail.com
9031468165
9608311251